प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 14.04.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रदेशभर में आज बाबा साहब डॉ0 भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उन्हें अर्पित की जा रही है श्रद्धांजलि : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– गरीब और वंचितों को मिल रहा है सरकारी योजनाओं का लाभ।
2. मुख्यमंत्री और केन्द्रीय राज्य मंत्री डॉ0 जितेन्द्र सिंह ने केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण के लखनऊ पीठ के नवनिर्मित परिसर का किया उद्घाटन : केन्द्रीय राज्य मंत्री ने कहा– पिछले 10 वर्षो में अधिकरण ने तीन लाख लम्बित मामलों का किया निस्तारण।
3. राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस पर आज से शुरू हुआ अग्नि सुरक्षा सप्ताह : शहीद अग्निशमन कर्मियों को अर्पित की गई श्रद्धांजलि। और
4. आईपीएल क्रिकेट में आज लखनऊ सुपर ज्वाइंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच लखनऊ में खेला जा रहा है मैच।

———————————

प्रदेशभर में आज संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ0 भीमराव आंबेडकर की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई जा रही है। इस अवसर पर राज्य के सभी जिलों में बाबा साहब के जीवन और विरासत को समर्पित कई कार्यक्रम, संगोष्ठी और

श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किये गये। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में डॉ0 आंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धाजंलि दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के हजरतगंज स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, राज्यसभा सांसद बृजलाल और समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरूण ने भी पुष्पाजंलि अर्पित की। वहीं आंबेडकर महासभा परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने डॉ0 आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब की जयंती पर हम किसी भी तरह की सुविधा से वंचित लाखों लोगो को सुविधाएं प्रदान करने के लिये एकजुट हो रहे हैं। बाइट.....

*14 से 15 लाख परिवारों को जोड़ने जा रही है, जिन लोगों के पास सभी प्रकार की सुविधाएं एक मुश्त उन्हें उपलब्ध करवाने के कार्यक्रम को इसी महीने हम उनको आगे बढ़ाने जा रहे है। हर ग्राम पंचायत में 20 से 25 ऐसे परिवार होंगे जिन्हें आज तक वो सब सुविधाएं नहीं मिली होगी। वो सुविधा सरकार उपलब्ध करायेगी और इस सुविधा को मैं साहेब की 134 पावन जयंती पर समर्पित करना चाहता हूं।*

डॉ0 आंबेडकर की जयंती पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि नवजागृति की ओर अग्रसर भारत में गरीबों और वंचितों के उत्थान को लेकर एक समावेशी राष्ट्र की परिकल्पना, डॉ0 आंबेडकर के विचारों के बिना अधूरी है। वहीं मेरठ में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने डॉ0 आंबेडकर और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को

पुष्पांजलि अर्पित की। आगरा में केन्द्रीय राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल ने डॉ0 आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए श्री बघेल ने कहा कि बाबा साहब ने गरीब, शोषित और वंचित वर्ग को सम्मान से जोने का अधिकार दिलाया और समतामूलक समाज की स्थापना की। बाइट.....

*हम लोग कतृज्ञ है कि उन्होंने सोते हुए समाज को जगाया है। हमें मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य और विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार जो सबसे बड़ा हमें वोट देने का अधिकार, जिससे हम अपने मन की सरकार चुन सकते हैं और एक समता मूलक समाज, अन्त्योदय यह सभी महत्वपूर्ण है। गरीब आदमी के कल्याण के लिये मुझे खुशी है कि नरेन्द्र मोदी जी ने कहा था बाबा साहब से संबंधित सभी स्थलों को स्मारक बनाये।*

कुशीनगर के राष्ट्रीय बौद्ध संग्रहालय के स्थापना दिवस और डॉ0 आंबेडकर की जयंती पर छाया चित्र प्रदर्शनी के साथ संगोष्ठी का आयोजन किया गया। औरैया और उन्नाव में बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों और विचारों पर प्रकाश डाला गया। वाराणसी में राज्य मंत्री रवीन्द्र जायसवाल ने बाबा साहब के योगदान और सिद्धांतों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित की। महराजगंज, मऊ, बलिया, मथुरा, पीलीभीत, बरेली, अम्बेडकर नगर, हमीरपुर और कन्नौज सहित सभी जिलों में बाबा साहब की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किये गये।

बसपा प्रमुख मायावती ने आंबेडकर जयंती पर लोगों से संविधानवादी भारतीय बनने का आह्वान किया है। वहीं सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने लखनऊ में डॉ0 आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण के लखनऊ पीठ के नवनिर्मित परिसर का उद्घाटन किया। इस मौके पर केन्द्रीय कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन और प्रधानमंत्री कार्यालय के राज्यमंत्री डॉ0 जितेन्द्र सिंह भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि 1985 से 2015 तक कैट में नौ लाख लम्बित मामले थे, जिनमें से तीन लाख मामलों का निस्तारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद पिछले दस वर्षों में किया गया। उन्होंने परिसर के निर्माण में सहयोग के लिये प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अधिकरण कार्मिकों को प्लेटफार्म देने और समय पर न्याय देने में अहम भूमिका निभायेगा।

———————————

अपना दल (एस) पार्टी की वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने आज आबेंडकर जयंती के अवसर पर शाहजहांपुर में अपनी पार्टी की सदस्यता अभियान की

शुरुआत की। यह अभियान आगामी 2जुलाई तक पार्टी के संस्थापक सोनेलाल पटेल की जयंती तक चलेगा। इस अवसर पर उन्होने विपक्ष पर वक्फ कानून को लेकर समाज को गुमराह करने का आरोप लगाया। इससे पूर्व श्रीमती पटेल ने घंटाघर पहुंचकर अंबेडकर प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

———————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश देश की सबसे अधिक आबादी वाला राज्य है, आज प्रदेश में बड़े स्तर पर निवश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 8 वर्षो में प्रदेश की तस्वीर बदल गई है, इस बदलते उत्तर प्रदेश को पूरी दुनिया देख रही है। मुख्यमंत्री आज फेडरेशन ऑफ इंडियन चैम्बर्स ऑफ कामर्स एंड

इंडस्ट्री–फिक्की द्वारा लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश विकसित राज्य की दिशा में कदम बढ़ाने वाला राज्य है और देश के विकास और विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिये भारत का ग्रोथ इंजन बन कर उभरा है। बाइट.....

*पिछले आठ वर्ष में बदलते उत्तर प्रदेश को देश ने भी देखा है दुनिया ने भी देखा है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतत्व में उनके मार्ग दर्शन में उनकी प्रेरणा से उत्तर प्रदेश ने जो कदम बढ़ाये है सबके आप साक्षी रहे है। हरेक पथ पर आप के जो महत्वपूर्ण सुणव रहे है पालिसी निर्माण में जो आपका योगदान रहा है उसको लेते हुए आज उत्तर प्रदेश अब बीमारू राज्यों की कतार में नहीं बल्कि विकास की तीव गति के साथ अग्रणी गति के साथ आगे बढ़ने वाला राज्य है और एक विकसित दिशा में कदम बढ़ाने वाला राज्य है। देश के विकास और विकसित भारत की कल्पना को साकार करने के लिये विकसित भारत का ग्रोथ इंजन बन करके उभरा है।*

—————————————

प्रदेश में आज राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अग्नि सुरक्षा सप्ताह का शुभारम्भ किया गया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन से अग्नि सुरक्षा सप्ताह रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। राज्यपाल को अग्निशमन तथा आपात सेवा के पदाधिकारियों ने फलग लगाकर स्मृति चिन्ह भेंट किया। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उनके आवास पर अग्निशमन विभाग के अधिकारियां ने पिन फ्लैग कार्यक्रम में झंडा लगाया।

इस मौके पर लखनऊ, इटावा, महोबा, रायबरेली, अमरोहा और मथुरा में शहीद अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। लोगों को आग से बचाव और सावधानियों के बारे में जागरूक करने के लिये अग्निशमन प्रचार–प्रसार वाहनां को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रायबरेली के मुख्य अग्निशमन अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि 14 अप्रैल 1944 में मुंबई बंदरगाह पर हुए अग्निकांड में बचाव और राहत कार्यो के दौरान शहीद हुए अग्निशमन कर्मियों की याद में अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस मनाया जाता है।

———————————

इंडियन प्रीमियर लीग में आज लखनऊ सुपर ज्वाइंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच लखनऊ के इकाना स्टेडियम मैच खेला जा रहा है। चेन्नई सुपर किंग्स ने टास जीत कर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। एक रिपार्ट.

*आईपीएल के मौजूदा सीजन के इस तीसवें मैच में वैसे तो पल्ला लखनऊ सुपरजाइंट्स का भारी है लेकिन शुरुआती असफलताओं के बाद वापसी करने का इतिहास चेन्नई सुपर किंग्स कर रहा है। 2010 के संस्करण में भी लगातार चार मुकाबले में असफल होने के बाद चेन्नई की टीम ने जबरदस्त वापसी की थी और आईपीएल की ट्रॉफी अपने नाम की थी। मेजबान लखनऊ का घरेलू मैदान होने के बावजूद बड़ी संख्या में धोनी के नाम वाली सात नंबर की पीली जर्सी पहने हुए दर्शक स्टेडियम में मौजूद है। अब देखना यह है कि लखनऊ अपनी जीत के सफर को आज जारी रखेगी*

*या चेन्नई पीला परचम फहराएगा। आकाशवाणी समाचार के लिए लखनऊ से मुमताज अली।*

———————————

**पश्चिमी विक्षोभ के कारण पूर्वी उत्तर प्रदेश के साथ ही राजधानी लखनऊ और उसके आसपास के जिलों में तेज हवाएं चलने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। लखनऊ स्थित आंचलित मौसम विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने आकाशवाणी को बताया कि अगले दो दिनों में मौसम साफ रहेगा उसके बाद फिर से मौसम में बदलाव आने की संभावना है। बाइट.....**

*पश्चिमी विक्षोम सक्रिय है। कल जैसे लखनऊ में भी तेज हवाओं का चलन था, पूर्वी उत्तर प्रदेश में था जिसका असर था कि कुछ जगह साफ्ट स्टैंड बनाते है जिसकी वजह से तेज हवाओं का चलन बना। अगर हम बात करे तो आज भी जो हमारा पूर्वी उत्तर प्रदेश में वहां के कुछ जिलों में गरज–चमक के साथ हल्की बूंदाबांदी के आसार है। आने वाले दिनों में थोड़ा सा मौसम कल से साफ होगा। धीरे–धीरे और फिर से दो से तीन दिनों के बाद मौसम में बड़बड़ी होने के संभावना है।*

**(समाप्त)**